अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 10 फरवरी 2020

PAGE NO. 6 TOP

घुटना प्रत्यारोपण का किया गया लाइव प्रसारण

व्याख्यान देते डॉ. अनिल अरोरा।

बरेली। एसआरएमएस में रविवार को हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग और बरेली आर्थोपैडिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में आर्थोप्लास्टी सिंपोजियम का आयोजन हुआ। मैक्स अस्पताल के डॉ. अनिल अरोरा ने एक जटिल घुटना प्रत्यारोपण की सर्जरी की, जिसका सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने किया। प्राइमस हास्पिटल दिल्ली से आए डॉ. दीपक ठाकुर ने ऐसे मरीज जिनके घुटने 30 डिग्री से अधिक मुड़ चुके है, उनकी सर्जरी किस प्रकार की जाए विषय पर व्याख्यान दिया। मैक्स हास्पिटल नई दिल्ली से आए डॉ. अनिल अरोरा ने वैलगस नी (बाहर की ओर मुड़े हुए घुटनों) के आपरेशन की जटिलताओं पर प्रकाश डाला। गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली से आये डा. सीएस यादव ने एक ऐसे रोगी के घुटना प्रत्यारोपण पर चर्चा की जिसकी पूर्व में कई बार घुटने के आस-पास के स्थान पर सर्जरी हो चुकी है। इस मौके पर बीएल कपूर हास्पिटल नई दिल्ली के डॉ. ईश्वर बोहरा, डॉ. सीएस यादव, आरएमएल दिल्ली से आए डॉ. अजय शुक्ला, बरेली के डॉ. आदित्य महेश्वरी, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. उत्कल गुप्ता, डॉ. सीबी गंगवार, डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. प्रमेंद्र महेश्वरी समेत डॉक्टरों ने विचार रखे। ब्यूरो